प्रेषक,

अहमद उल्ला खाँ,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या–1
अमरोहा।

सेवा में,

महा निबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
अमरोहा।

विषयः **<u>वाहन क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मेरे द्वारा मधूसूदन मोटर्स प्राईवेट लि. बी–5, लायर्स कॉलोनी, बाई पास रोड आगरा से वाहन CIAZ SMART HYBRID ALPHA कार संख्या UP80FW5830 क्रय की गयी है, जिसके सम्बन्ध में आवश्यक सूचनाएं सर्कुलर लैटर नम्बर 25/–एडमिन.(ए)दिनांकित जौलाई 13, 1998 के अनुसार पूर्व में प्रेषित पत्र दिनांकित 07.09.2021 के द्वारा प्रेषित की गयी थीं जो आपत्ति के प्रकाश में मेरे द्वारा पुनः प्रेषित की जा रही हैं।

1. मेरी न्यायिक सेवा में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि 02.08.1999 है।
2. मेरा वर्तमान वेतन मु. 1,85,769/–रूपये है तथा वास्तविक रूप से प्राप्त वेतन लगभग 1,30,369/–रूपये है।
3. सेवा में आने के उपरांत इस वाहन को क्रय करने से पूर्व मेरे द्वारा मारूति सुजुकी अर्टिगा कार संख्या UP24U–0737 क्रय की गयी है जिसकी सूचना पूर्व में माननीय न्यायालय को प्रेषित की चुकी है।
4. मेरे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय से कोई ऋण आदि पूर्व में नहीं लिया गया है।
5. मेरे द्वारा उपरोक्त वाहन को क्रय करने के लिये स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया आगरा से मु. 6,00,000/–रूपये की धनराशि 5 वर्ष के लिये ऋण के रूप में ली गयी है। इस ऋण को अदा करने के लिये बैंक द्वारा लगभग 12,094/–रूपये प्रतिमाह वेतन से काटा जा रहा है।
6. उपरोक्त वाहन को मारूति उद्योग लिमिटेड के अधिकृत विक्रेता मधूसूदन मोटर्स प्राईवेट लि. बी–5, लायर्स कॉलोनी, बाई पास रोड आगरा से क्रय किया गया है। उपरोक्त विक्रेता मधूसूदन मोटर्स प्राईवेट लि. बी–5, लायर्स कॉलोनी, बाई पास रोड आगरा से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है और न ही

विक्रेता का कोई वाद मेरे न्यायालय में कभी लम्बित रहा और न ही निर्णीत किया गया और न ही अब लम्बित है।

7. उपरोक्त वाहन के सम्बन्ध में मार्जिन मनी की व्यवस्था 5,20,000/-रूपये मेरे द्वारा वेतन से हुई बचत के आधार पर खाता संख्या 11181457560 में उपलब्ध धनराशि में से की गयी तथा शेष 6,00,000/-रूपये का भारतीय स्टेट बैंक आगरा से ऋण प्राप्त किया गया।

उपरोक्त विवरण ई-पोर्टल के माध्यम से माननीय न्यायालय को प्रेषित किया गया था जिस पर निम्न आपत्तियां अंकित की गयी हैं- सेल इन्वाईस की प्रति, पंजीयन प्रमाण पत्र एवं ऋण व्यवस्था पत्र की सुपाठय प्रतियां और साथ ही एस.बी.आई. एकाउंट (उपरोक्त कार के सम्बन्ध में) में किये गये भुगतानों की विशेष प्रविष्टियों को इंगित करते हुए पुनः सूचना प्रेषित की जाये।

माननीय महोदय द्वारा इंगित उपरोक्त समस्त आपत्तियों का निराकरण करते हुए सूचना पुनः सादर प्रेषित है।

सादर।

भवदीय,

5-10-2021

(अहमद उल्ला खाँ)

(J.O.Code UP-5865)

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश

कक्ष संख्या-1 अमरोहा।

05.10.2021

संलग्नक-

1. मधूसूदन मोटर्स प्राईवेट लि. बी-5, लायर्स कॉलोनी, बाई पास रोड आगरा द्वारा दिये गये सेल इन्वाईस की छाया प्रति।
2. वाहन के आगरा के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
3. पास बुक एवं बैंक एकाउन्ट की छाया प्रति
4. लोन-कम-हाईपोथिकेशन एग्रीमेंट की छाया प्रति।